www.kautilyaacademy.com

/Kautilyaacademy

# कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

- अंतर्राष्ट्रीय
- राष्ट्रीय
- विज्ञान
- अध्ययन
- पर्यावरण
- राजव्यवस्था
- योजना/ नीति
- कला-संस्कृति
- अर्थव्यवस्था
- सामाजिक मुद्दे



## डेली करेंट अफ़ेयर्स

**25 मई 2024**

# सप्ताह भर चर्चा में रहे भारत के प्रमुख स्थल ( प्रवरा नदी )

हाल ही में, महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में, प्रवरा नदी में एक बचाव अभियान के दौरान नाव पलट जाने से राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के तीन कर्मियों की मृत्यु हो गई।

## प्रवरा नदी:-

- प्रवरा नदी भारत के महाराष्ट्र में स्थित गोदावरी नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है।
- यह गोदावरी की सात प्रमुख सहायक नदियों में सबसे छोटी है।
- इसका उद्गम पश्चिमी घाट में सह्याद्रि के पूर्वी ढलानों पर, कुलंग और रतनगढ़ पहाड़ों के बीच होता है।
- यह भंडारदरा से होकर पूर्व की ओर बहती है, जहां भंडारदरा बांध डाउनस्ट्रीम रिलीज के दौरान आर्थर झील और छाता झरना बनाती है।
- प्रवरा नदी को विभिन्न सहायक नदियों से योगदान मिलता है, जिनमें महालुंगी और मुला नदियां उल्लेखनीय हैं।
- भंडारदरा बांध जिसे विल्सन बांध के नाम से भी जाना जाता है, प्रवरा नदी पर स्थित है।
- निलवंडे बांध, जिसे ऊपरी प्रवरा बांध भी कहा जाता है, भारत के महाराष्ट्र राज्य में प्रवरा नदी पर दूसरा सबसे बड़ा बांध है।



# उजानी बांध

हाल ही में महाराष्ट्र में कलशी गांव के पास उजानी बांध में नाव पलटने के बाद लापता 6 लोगों में से पांच के शव बरामद हुए हैं।

## उजानी बांध:-

- उजानी बांध, जिसे भीमा बांध के नाम से भी जाना जाता है, महाराष्ट्र में एक मिट्टी और कंक्रीट का बना बांध है।
- इसे जून 1980 में चालू किया गया था और यह 2,534 मीटर लंबा है।
- बांध का निर्माण भीमा नदी पर किया गया है, जो सोलापुर जिले में कृष्णा नदी की एक सहायक नदी है।
- बांध के जलाशय की क्षमता 1,517 गीगा लीटर (GL) है और यह पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति करता है।
- बांध का जलाशय मछली पालन के लिए भी पानी प्रदान करता है और फ्लेमिंगो देखने के लिए लोकप्रिय पक्षी अवलोकन स्थल है।
- बांध के बगल में स्थित उजानी हाइड्रो पावर स्टेशन, बांध से छोड़े गए पानी पर चलता है और इसमें एक प्रतिवर्ती उत्पादन इकाई है जो 12 मेगावाट का उत्पादन कर सकती है।



# कौडिन्य वन्यजीव अभयारण्य

हाल ही में, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण और आंध्र प्रदेश जैव विविधता बोर्ड के शोधकर्ताओं ने कौडिन्य वन्यजीव अभयारण्य में दो शताब्दियों के बाद श्रीलंकाई सुनहरे- पीठ वाले मेंढक (Hylarana gracilis) की पुनः खोज की।

## कौडिन्य वन्यजीव अभयारण्य:-

- कौडिन्य वन्यजीव अभयारण्य चित्तूर जिले, आंध्र प्रदेश में एक हाथी रिजर्व और वन्यजीव अभयारण्य है।
- यह कौडिन्य नदी के तट पर स्थित, पालमनेर-कुप्पम वन क्षेत्रों में है, और यह भारत सरकार की हाथी परियोजना का हिस्सा है, जो एक राष्ट्रीय हाथी संरक्षण परियोजना है।
- काइगल और कौडिन्य नदियाँ, जो पालर नदी की सहायक नदियाँ हैं, इस अभयारण्य से होकर बहती हैं।
- अभयारण्य में लगभग 78 एशियाई हाथी रहते हैं।
- वनस्पति: यह जंगल दक्षिणी उष्णकटिबंधीय शुष्क पतझड़ी प्रकार का है, जिसमें विविध वनस्पतियाँ शामिल हैं, जैसे अल्बिजिया अमारा, फिकस ग्लोमेरेटा और जिजिफस जाइलोकार्पस आदि।



# कोर्टालम झरना

हाल ही में तमिलनाडु के ओल्ड कोर्टलम झरने में अचानक बाढ़ आने की घटना सामने आई है,झरने में अचानक पानी का स्तर बढ़ गया है, जिसके कारण लोगों को झरने में प्रवेश करने से रोक दिया गया है।

## कोर्टालम झरनाः-

- कोर्टालम तमिलनाडु के तेनकासी जिले में पश्चिमी घाट पर स्थित है।
- इन झरनों के पानी में नहाने से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के कारण इन्हें ष्दक्षिण भारत का स्पाष भी कहा जाता है।
- इस झरने की ऊंचाई लगभग 60 मीटर (लगभग 200 फीट) है।
- कुट्रालम के जलप्रपातों का औषधीय महत्व है क्योंकि वे अपने अस्तित्व से पहले जंगल और जड़ी-बूटियों से होकर गुजरते हैं।
- झरनों को चित्तर नदी से पानी मिलता है, जो तमिरापरानी नदी की एक सहायक नदी है।



# कांवर झील

बिहार का एकमात्र रामसर स्थल, कंवर झील (कबरताल), जो कि गंभीर पर्यावरणीय संकट की स्थिति में है, का किसी भी चुनावी एजेंडे में उल्लेख नहीं किया गया है।

## कंवर झील :-

- कांवर झील, जिसे स्थानीय रूप से कंवर झील के नाम से भी जाना जाता है, भारत में बिहार के बेगुसराय जिले की सबसे बड़ी ऑक्सबो झील है।
- इसे 2020 में रामसर साइट पोषित किया गया, जिससे यह रामसर सम्मेलन में शामिल होने वाला बिहार का पहला आर्द्रभूमि बन गया।
- कांवर झील बिहार का एकमात्र रामसर स्थल है।
- यह आर्द्रभूमि संरक्षण के लिए इसके अंतर्राष्ट्रीय महत्व को दर्शा रहा है।
- यह मीठे पानी की झील है, जो इसे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण बनाती है।
- कांवर झील एक अवशिष्ट ऑक्सबो झील है जो गंगा की सहायक नदी बूढ़ी गंडक नदी के भूवैज्ञानिक घुमाव के कारण बनी है।
- 1984 में, कंवर झील 6.786 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करती थी।
- हालाँकि, 2004 तक यह घटकर 6,044 हेक्टेयर रह गया था।
- 1986 में राज्य सरकार ने इसे संरक्षित क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया। बाद में केंद्र सरकार ने पक्षियों के अवैध शिकार को रोकने के लिए इसे अभयारण्य घोषित कर दिया।



# जगन्नाथ मंदिर

ओडिशा के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार पिछले कई सालों से रहस्य बना हुआ है। 20 मई को ओडिशा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रत्न भंडार की चाबी को लेकर ओडिशा की नवीन पटनायक सरकार पर निशाना साधा।

## जगन्नाथ मंदिर:

- यह पुरी (ओडिशा) में स्थित है।
- इस मंदिर में भगवान जगन्नाथ (भगवान कृष्ण के एक रूप), उनके भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा की पूजा की जाती है।
- **निर्माण:** इसका निर्माण कार्य अनंतवर्मन चोडगंग देव (1112-1148 ईस्वी) ने आरंभ कराया था तथा इसे अनंगभीम देव ने पूरा कराया था।

## मंदिर की विशेषताएं:

- यह मंदिर ऊंचे चबूतरे पर निर्मित है।
- इस मंदिर की खघस विशेषता यह है कि दिन के किसी भी समय किसी भी दिशा में मंदिर की छाया जमीन पर नहीं पड़ती।
- भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की मूर्तियां पत्थर या धातु की बजाय लकड़ी से बनाई गई हैं।



## डेली करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी

1. हाल ही में आयी रिपोर्ट के अनुसार भारत में कितनी गंगा डॉल्फिन पायी गयीं हैं ?
   ( अ ) 2004 ( ब ) 4000
   ( स ) 6000 ( द ) 8000

उत्तर-4000

2. हाल ही में किस हवाई अड्डे ने जीरो वेस्ट टू लैंडफिल का दर्जा हांसिल किया है ?
   ( अ ) इंदौर हवाई अड्डा
   ( ब ) दिल्ली हवाई अड्डा
   ( स ) मुंबई हवाई अड्डा
   ( द ) तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डा

उत्तर-तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डा

3. हाल ही में किसे अस्थमा के इलाज की जेनरिक दवा के लिए USFDA से मंजूरी मिली है ?
   ( अ ) सन फार्मा ( ब ) सिपला
   ( स ) जाइडस ( द ) कोई नहीं

उत्तर-जाइडस

4. हाल ही में किस देश का बाजार पूंजीकरण 05 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचा है?
   ( अ ) भारत ( ब ) पाकिस्तान
   ( स ) बांग्लादेश ( द ) श्रीलंका

उत्तर-भारत

5. हाल ही में किस हाईकोर्ट ने 2010 के बाद जारी सभी OBC प्रमाणपत्रों को रद्द कर दिया है ?
   ( अ ) जबलपुर हाई कोर्ट
   ( ब ) पटना हाई कोर्ट
   ( स ) इलाहाबाद हाई कोर्ट
   ( द ) कलकत्ता हाईकोर्ट

उत्तर-कलकत्ता हाईकोर्ट

6. हाल ही में AFC महिला एशिया कप 2026 की मेजबानी कौन करेगा ?
   ( अ ) भारत ( ब ) ऑस्ट्रेलिया
   ( स ) जर्मनी ( द ) चीन

उत्तर-ऑस्ट्रेलिया

7. हाल ही में प्रीतिस्मिता भोई ने IWF वर्ल्ड यूथ चौंपियनशिप में कौनसा पदक जीता है?
   ( अ ) स्वर्ण ( ब ) रजत
   ( स ) कांस्य ( द ) कोई नहीं

उत्तर-स्वर्ण

8. टोक्यो विश्वविद्यालय ने किस देश में विश्व की सबसे ऊंची वेधशाला का उद्घाटन किया है?
   ( अ ) चिली ( ब ) पोलैंड
   ( स ) अर्जेंटीना ( द ) ब्राजील

उत्तर-चिली

9. साइबर सुरक्षा अभ्यास-2024 का आयोजन कहां किया गया है?
   ( अ ) नई दिल्ली ( ब ) मुंबई
   ( स ) भोपाल ( द ) लखनऊ

उत्तर-नई दिल्ली

10. किस भारतीय मूल के प्रोफेसर को खगोल विज्ञान में प्रतिष्ठित शॉ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
   ( अ ) चंद्रकांत आर नारायण
   ( ब ) श्रीनिवास आर. कुलकर्णी
   ( स ) विवेक आर रंजन
   ( द ) अशोक मोहंती

उत्तर-श्रीनिवास आर. कुलकर्णी

**11. नेपाली शेरपा कामी रीता ने रिकॉर्ड कौन सी बार एवरेस्ट की चढ़ाई पुरी की है?**

( अ ) 26वीं बार ( ब ) 28वीं बार

( स ) 30वीं बार ( द ) 32वीं बार

**उत्तर**–30वीं बार

**12. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन ( ISA ) में शामिल होने वाला 99वां सदस्य कौन बना है?**

( अ ) इंडोनेशिया ( ब ) जापान

( स ) स्पेन ( द ) बांग्लादेश

**उत्तर**–स्पेन